90 लाख के बस स्टैण्ड की दीवारों में दरार, प्लेटफार्म टूटे

गंदगी और अंधेरे में चल रहा बस स्टैण्ड, कांग्रेस नेता का गंभीर आरोप, 26 अक्टूबर-24 को हुआ था लोकार्पण

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 मार्च। जिले के चितरंगी में बने नए बस स्टैंड को लेकर एक बड़ा भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। करीब 90 लाख रुपये की लागत से तैयार इस बस स्टैंड का लोकार्पण 26 अक्टूबर 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राधा सिंह द्वारा उनके गृह ग्राम में किया गया था। लेकिन हैरानी की बात यह है कि लोकार्पण के महज दो साल के भीतर ही यह निर्माण अपनी बदहाली पर आंसू बहता नजर आ रहा है।

बस स्टैंड की हालत देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं और भ्रष्टाचार हुआ है। भवन की दीवारों में कई जगह गहरी दरारें पड़ चुकी हैं और सिलिंग का प्लास्तर भी गिरने लगा है। वहीं यात्रियों के लिए बनाए गए प्लेटफार्म भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। यह स्थिति न केवल निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बन चुकी है। इस पूरे मामले पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अशोक सिंह पैगाम ने खुलकर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने बस स्टैंड की दुर्दशा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए साफ शब्दों में आरोप लगाया है कि क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर कमीशनखोरी की गई है। उनके अनुसार इसी भ्रष्टाचार का नतीजा है कि लाखों कीमत का यह बस स्टैंड महज दो साल में ही दम तोड़ने लगा है। मामले को और गंभीर बनाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य का भुगतान पहले ही पूरा कर लिया गया है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि क्रियान्वयन एजेंसी के द्वारा स्वीकृति राशि में कितना भुगतान राशि आहरित कर लिया गया है। लेकिन जो हालात सामने हैं, उससे साफ है कि निर्माण में भारी गड़बड़झाला हुआ है।

बिजली कनेक्शन नहीं, प्लेटफार्म क्षतिग्रस्त

अशोक सिंह ने यह भी कहा कि यह बस स्टैंड खुद मंत्री के गृह ग्राम में स्थित हैं, बावजूद इसके यहां साफ.-सफाई की स्थिति बेहद खराब है। चारों तरफ गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है और यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि बस स्टैंड में अभी तक बिजली कनेक्शन तक नहीं लगाया गया है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्री प्लेटफार्म क्षतिग्रस्त है, जो देखने लायक भी नही है। बिजली पंखों की बात दूर है।

बस स्टैंड की दीवारों में जगह-जगह पड़ी दरारें

कांग्रेस नेता का कहना है कि निर्माण के दौरान ही गुणवत्ता को नजरअंदाज किया गया था, जिसकी शिकायतें भी उठी थीं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे अनसुना कर दिया। आज उसी लापरवाही और भ्रष्टाचार का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर इस पूरे मामले में जिम्मेदार कौन है? क्या इस भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच होगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा। फिलहाल उन्होंने इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

चैत्र रामनवमीं के महापर्व पर हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद

मां धनौजा मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

सरई 27 मार्च। आस्था, श्रद्धा और सेवा भाव का अद्भुत संगम चैत्र रामनवमी के पावन अवसर पर नगर परिषद सरई अंतर्गत स्थित माँ धनौजा मंदिर में देखने को मिला, जहाँ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन किया गया।

रामनवमी तिथि के शुभ दिन पर हजारों श्रद्धालु दूर-दूर से माँ धनौजा के दर्शन के लिए पहुँचे और भक्तिभाव से पूजा-अर्चना कर अपने जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ से गुलजार रहा। दर्शन के उपरांत भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की शुरुआत पारंपरिक रूप से कन्या भोज के साथ की गई, जिसे अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ संपन्न कराया गया। समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी द्वारा पिछले 23 वर्षों से निरंतर भंडारे का आयोजन किए जाने की परंपरा इस वर्ष भी पूरी निष्ठा के साथ निभाई गई।

एक नजर में

जांच में कोई अवैध कबाड़ सामग्री नही मिली

विंध्यनगर। विंध्यनगर थाना क्षेत्र में संचालित कबाड़ दुकान में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कबाड़ दुकानों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश प्राप्त हुए थे । वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के पालन में बीते दिन गुरूवार को उमेश प्रजापति सीएसपी विन्ध्यनगर एवं अर्चना द्विवेदी थाना प्रभारी विंध्यनगर मय पुलिस टीम के साथ थाना विंध्यनगर क्षेत्र में संचालित सलीम कबाड़ दुकान में जाकर औचक निरीक्षण किया गया। कबाड़ दुकान में संदिग्ध कबाड़ का सत्यापन किया गया, जहां कोई अवैध कबाड़ नहीं पाया गया ।

दुधमनिया में जल चौपाल का हुआ आयोजन

सिंगरौली। विकासखंड चितरंगी अंतर्गत सेक्टर दुधवानिया के प्रस्फुटन ग्राम दुधमनिया में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा जल संसाधनों के महत्व को समझाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच राजनाथ सिंह रहे। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक विश्वनाथ ने जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

देर रात जारी हुआ आदेश, ज्ञानेन्द्र सिंह को मोरवा थाने की कमान

मोरवा थाना प्रभारी ने संभाला पदभार

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 मार्च। जिले के मोरवा थाने में नए थाना प्रभारी के रूप में डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया है। कल पूर्व थाना प्रभारी निरीक्षक कपूर त्रिपाठी के स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद एसपी मनीष खत्री ने देर रात यह जिम्मेदारी डॉ. सिंह को सौंपी।

डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह आज दिन शुक्रवार को तड़के करीब 3:30 बजे मोरवा थाने पहुंचे और आमद दर्ज कराई। इसके बाद सुबह उन्होंने औड़ी स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात मोरवा थाने पहुँचकर पुलिस अधिकारियों व कर्मियों से औपचारिक परिचय किया। संयोगवश रामनवमी के दिन उन्होंने विधिवत रूप से कार्यभार संभालते हुए क्षेत्र में निकलने वाले जुलूस की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि मोरवा क्षेत्र में हाल ही में हुए पवन साहू हत्याकांड के बाद उत्पन्न तनावपूर्ण स्थिति जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

जियावन थाने का कौन होगा प्रभारी, चर्चाएं शुरू

जियावन थाना में पदस्थ निरीक्षक एवं थाना प्रभारी डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह का मोरवा थाना प्रभारी के पद पर स्थानांतरण होने के बाद अब जियावन थाना प्रभारी कौन होगा, इस बात की चर्चा शुरू हो गई है। जियावन थाना में विधायक के इच्छानुसार ही इस बार पदस्थापना होगी, ऐसी चर्चाएं अब जोर-शोर से हो रही हैं। यहां बताते चले कि पिछले दिनों जिले की प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके का आगमन हुआ था, जहां एनटीपीसी के सूर्या भवन में जिला प्रबंध समिति की बैठक हुई थी। सूत्र बताते हैं कि बैठक में सिहावल विधायक ने तहसीलदार एवं एसडीएम के पदस्थापना पर घोर नाराजगी जाहिर किये थे। इसके पहले भी थाना प्रभारियों के पदस्थापना पर आपत्ति जताई थी। जिसके चलते पुलिस आलाधिकारी भी बैकफुट पर आ गये थे। अब जियावन थाना का प्रभारी कौन होगा? संभवत: जल्द ही इस पर एसपी निर्णय ले सकते हैं।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया चैत्र रामनवमीं का महापर्व

ऊर्जाधानी में जगह-जगह हवन पूजा-पाठ एवं भण्डारा, कन्या भोज का हुआ आयोजन, निकाले गये जवारे

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 मार्च। चैत्र नवरात्रि महापर्व का आज दिन शुक्रवार को समापन हुआ। ऊर्जाधानी में हर्षोल्लास के साथ रामनवमी का महापर्व मनाया गया। वहीं रामनवमी पर्व पर प्रभु श्रीराम का जन्मदिन भी मनाते हुये जय श्रीराम के उद्घोष किये।

जिला मुख्यालय बैढ़न स्थित एकमात्र माता दुर्गा देवी मंदिर में आज दिन शुक्रवार को चैत्र नवरात्र की नवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही मंदिर में आचार्य शास्त्री राममणि त्रिपाठी ने सभी भक्तों को मंदिर परिसर में विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन कराते नजर आए और यह सिल सिला करीब दोपहर तक दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंचे। नवमी के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में करीब दो दर्जन कन्याओं का पूजन किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से कन्या पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया और उपहार भी भेंट किए गए। इसके बाद मंदिर में सामूहिक रूप से हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लेकर माता दुर्गा से सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

शाम के समय मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसकी तैयारी सुबह से ही शुरू कर दी गई थी। मंदिर समिति के आशुतोष मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी नवमी पर विशेष पूजा, कन्या भोजन और भंडारे का आयोजन किया गया है। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा ।

जीडी बिरला उद्योगपति ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के महान शिल्पकार भी थे : आरपी

नवभारत न्यूज

अनपरा 27 मार्च। हिंडालको इडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर के तत्वाधान में सुमंगलम भवन रेनुसागर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम एवं उद्योग जगत के महान व्यक्तित्व घनश्याम दास बिड़ला का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर हिन्डाल्को रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह, मनीष जैन, मनु अरोरा, विभु पात्रा, कुमार हर्षवर्धन, अरविंद सिंह, संदीप यावले, सुधाकर अन्नामलाई ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर भगवान श्रीराम, पवन पुत्र हनुमान एवं जीडी बिड़ला के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात आयोजित कार्यक्रम में सोहर, भक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शन दीर्घा में बैठे भारी संख्या में लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये हिन्डाल्को रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह ने कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित महान उद्योग पति जीडी बिरला एक सफल उद्योगपति ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के महान शिल्पकार भी थे।

ज्वालामुखी मंदिर में लगाई गयी चैतन्य देवियों की झांकी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 मार्च। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थानीय शाखा तपोवन कॉम्प्लेक्स, विंध्यनगर द्वारा चैत नवरात्रि के अवसर सुप्रसिद्ध माँ ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण में चैतन्य देवियों की मनोरम झांकी लगायी गई है, जो मंदिर प्रांगण में आ रहे श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण के केंद्र बना हुआ है।

झांकी के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसके द्वारा सभी आध्यात्मिक ज्ञान भी दिया जा रहा है और सभी को राजयोग मेडिटेशन सिखने की प्रेरणा भी दी जा रही है।

फुटबॉल प्रतियोगिता में निगाही की टीम 4-1 से बनी विजयी

ककरी क्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय 10वीं अंतर9क्षेत्रीय विद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 मार्च। ककरी क्षेत्र के एकलव्य मैदान में 24 से 26 मार्च तक आयोजित तीन-दिवसीय 10वीं एनसीएल अंतर-क्षेत्रीय विद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बीना और निगाही के मध्य खेला गया, जिसमें निगाही की टीम 4-1 से विजयी रही, जबकि बीना क्षेत्र की टीम उपविजेता बनी।

समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एनसीएल के निदेशक रजनीश नारायण ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने संबोधन में स्कूली छात्रों का आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। साथ ही उन्होंने छात्रों को एनसीएल के वर्तमान उत्कृष्ट खिलाड़ियों से प्रेरणा लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि फुटबॉल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि इसे एक अनुशासित जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं को खेल जगत में उभरते सुनहरे अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि महिलाओं को खेल के क्षेत्र में अधिक से अधिक बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। समापन समारोह में महाप्रबंधक सुधीर कुमार झा, जेसीसी के सदस्य अजय कुमार, अशोक कुमार मिश्रा, लाल पुष्पराज सिंह, अशोक पांडेय एवं अन्य सदस्यगण की मौजूदगी रही।

आज के प्रतिस्पर्धी युग में कौशल विकास आवश्यक है : त्रिपाठी

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 27 मार्च। एनटीपीसी विंध्याचल ने कौशल विकास एवं युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान, विंध्याचल में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत वार्षिक इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

म.प्र. शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 24 प्रशिक्षुओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर अपने व्यावसायिक सफर की शुरुआत की। उद्घाटन सत्र के दौरान प्रशिक्षुओं को एक विस्तृत ओरिएंटेशन कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षण की रूपरेखा, सीखने के अवसरों तथा उद्योग से जुड़ी आवश्यकताओं की जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम युवाओं को व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर डॉ. देबस्मिता त्रिपाठी अपर महाप्रबंधक एनटीपीसी ने अपने संबोधन में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भारत एवं एमपी सरकार के प्रयासों की सराहना की।

बंधा कोल ब्लॉक में रोजगार और विकास की उम्मीदें जगीं, लेकिन भुगतान में और तेजी की दरकार

प्रोजेक्ट में देरी से राजस्व नुकसान, फिर भी मुआवजा प्रक्रिया ने पकड़ी रफ्तार, कंपनी ने जमा किए 600 करोड़ से अधिक, अब प्रशासन पर बढ़ा दबाव, भूमिहीनों को भी दिया जा रहा पीडीएफ का लाभ

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 मार्च। बंधा कोल प्रोजेक्ट के तहत मुआवजे का भुगतान शुरू होते ही ग्रामीणों के चेहरों पर राहत और संतोष साफ नजर आने लगा है। वर्षों से आर्थिक तंगी झेल रहे कई परिवारों को जैसे नई जिंदगी मिल गई हो। हालांकि अभी बड़ी संख्या में मुआवजा वितरण बाकी है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है, जिससे क्षेत्र में विकास और रोजगार की उम्मीदें एक बार फिर मजबूत होती दिख रही हैं।

दरअसल जिले के औद्योगिक भविष्य को नई दिशा देने वाला बहुप्रतीक्षित बंधा कोल प्रोजेक्ट आज भी शुरू होने का इंतजार कर रहा है। इस बीच कुछ अच्छी खबर यह है कि कंपनी द्वारा ग्रामीणों के लिए करीब 629 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि जमा किए जाने के बाद अब धीरे-धीरे उनके मुआवजे का भुगतान प्रशासन द्वारा शुरू किया गया है । लेकिन अभी इसकी रफ्तार जरा धीमी है। भुगतान बीते कुछ दिनों से विभागीय लिंक फेल होने की वजह से लंबित था, जिसने गुरुवार से फिर रफ्तार पकड़ी है। धीरे-धीरे मुआवजे का भुगतान किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया है कि संभवतया वित्तीय वर्ष 25-26 के खत्म होने यानी 31 मार्च के बाद ही इस दिशा में और रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है। हालांकि प्रोजेक्ट के अधीन आरहे गांवो की मासूम जनता को कुछ लोग निजी स्वार्थ के लिए प्रोजेक्ट के विरोध में अभी भी ना केवल उकसा रहे हैं, बल्कि उन्हें भड़का कर जमीन समर्पण पत्र नहीं सौंपने दे रहे हैं। इस वजह से भी अवॉर्ड की राशि का वितरण प्रभावित हो रहा है। लेकिन हालत यह हैं कि कुछ लोग इस प्रोजेक्ट की दूसरी ही तस्वीर पेश कर रहे हैं, जो हकीकत से काफी दूर है। यहां बताते चले कि 3 मार्च 2021 को इस प्रोजेक्ट का आवंटन हुआ था और मई 2025 में माइनिंग लीज भी कंपनी को दे दिया गया। कोयला परियोजना के समय से चालू होने से जिस स्तर पर रोजगार का सृजन होना है और जिस तरह से समुदाय के लिए आय के विभिन्न साधनों का निर्माण होना है, वह फिलहाल रुका हुआ है।

परमेश की कहानी उन्हीं की जुबानी

मुआवजे का पैसा मिलने से मुझे पूंजी मिल गई, जिसके कारण पिछले 6 महीने से बंद मेरी किराना की दुकान फिर से खुल गई। मैंने मुआवजे से मिले पैसे से न सिर्फ दुकान खोल ली, बल्कि पास में ही जमीन खरीदकर अपने और अपने बच्चों के भविष्य को भी सुरक्षित कर लिया है। यह कहना है बंधा गांव के निवासी परमेश कुमार गुर्जर का । जिन्हें बंधा कोल प्रोजेक्ट के तहत मुआवजे की अच्छी राशि मिली है। परमेश बताते हुए भावुक हो जाते हैं कि अपनी बंद पड़ी किराने की दुकान को फिर से खोल सके हैं । वे बताते हैं कि मुआवजे की राशि ने उनकी जीवन को फिर से एक गति दी है। यह कहानी बंधा कोल प्रोजेक्ट के तहत मुआवजे की राशि पाने वाले कई ग्रामीणों की है।

लामीदह में 250 एकड़ जमीन पर आर एंड आर कॉलनी का निर्माण

महत्वपूर्ण बात यह है कि कंपनी द्वारा बंधा कोल प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रशासन द्वारा अवॉर्ड से विधि विरुद्ध एवं अपवर्जित संरचनाओं को भी अनुदान स्वरूप एक निश्चित मुआवजे की राशी देने का फैसला किया गया है। साथ ही प्रोजेक्ट के लिए जिन 800 हेक्टेयर भूमि पर वनों की कटाई वन विभाग द्वारा की जानी है, उसके बदले प्रदेश के विभिन्न जिलों में इतनी ही जमीन सीए लैंड के तहत ली जा चुकी है और उसपर प्रतिपूरक वृक्षारोपण कराया जाएगा। प्रोजेक्ट क्षेत्र की जनता को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके, इसके लिए विस्थापित हो रहे वैसे लोगों को भी पीडीएफ का लाभ दिया जा रहा है, जिनके पास जमीन का स्वामित्व नहीं था। दूसरी तरफ विस्थापितों के लिए लामीदह में 250 एकड़ जमीन पर आर एंड आर कॉलनी का निर्माण प्रगति पर है, जो स्कूल अस्पताल, मार्केटिंग कॉम्पलेक्स, सामुदायिक भवन इत्यादि सुविधाओं से लैस होगा।